कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-23.11.2022

विवाहिता द्वारा आत्महत्या करने के मामले मे वांछित अभियुक्ता राजपति देवी थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के पर्यवेक्षण मे थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0415/2022 धारा 306 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्ता राजपति देवी पत्नी बुद्धिराम विश्वकर्मा निवासिनी ग्राम अजगरा थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को ग्राम अजगरा थाना चोलापुर से आज दिनांक-23.11.2022 को समय 12.25 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-22.11.22 को वादी मुकदमा श्री बबलू विश्वकर्मा ने अपनी पुत्री तथा (दामाद की बुआ) अभियुक्ता राजपति देवी के मध्य झगड़ा होने के उपरांत उनकी विवाहिता पुत्री रेनू द्वारा फांसी लगा कर अपनी जान देने के संबंध मे लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चोलापुर मे मु0अ0सं0-0415/2022 धारा 306 भादवि पंजीकृत कर, विवेचना उ0नि0 उमेश कुमार राय द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता का विवरण-

राजपति देवी पत्नी बुद्धिराम विश्वकर्मा निवासिनी ग्राम अजगरा थाना चोलापुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 55 वर्ष।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.उ0नि0 उमेश कुमार राय चौ0प्र0 अजगरा थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2.म0का0 ज्योति थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी